PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Bhaskar, Faridabad

Monday, 3rd May 2010, Page: 2

Width: 6.52 cms Height: 10.88 cms, Ref: pmin.2010-05-03.57.4

ओवरप्राइसिंग में सिप्ला आगे

नई दिल्ली • दवाओं की ओवर प्राइसिंग के मामले में एनपीपीए की सूची में सिप्ला पहले पायदान पर है। हालांकि इस सूची में रैनबैक्सी, फाइजर और डा. रेड्डीज जैसी प्रमुख दवा कंपनियां भी शामिल हैं। एनपीपी की वेबसाइट पर मौजूद ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल 31 मार्च तक ब्याज समेत कुल ओवर चार्ज करीब 2,150.38 करोड़ रुपये रहा। यह रकम 1997 से अबतक की है। हालांकि एनपीपीए इसमें से अबतक महज 191.45 करोड़ रुपये का ही वसूली कर सका है। इस पूरी रकम में सिप्ला और रैनबैक्सी की हिस्सेदारी करीब पचास फीसदी की है। इसमें से अकेले सिप्ला पर 1,382 करोड़ रुपये की देनदारी है। वहीं रेनबैक्सी पर 136.2 करोड़ रुपये की देनदारी है।

NPPA